चीनी निर्यात 4 गुना होकर 17 लाख टन पर

चीनी उद्योग के संगठन इस्मा ने कहा है कि अक्टूबर-दिसंबर की अवधि के दौरान देश का चीनी निर्यात लगभग चार गुना होकर 17 लाख टन पर पहुंच गया। इस वृद्धि का कारण विदेशों से मांग का बढ़ना था। अब तक चीनी मिलों द्वारा निर्यात के लिए 38-40 लाख टन का अनुबंध किया गया है। मिलें अब आगे के अनुबंधों के लिए वैश्विक कीमतों में सुधार का इंतजार कर रही हैं। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इस्मा ने एक बयान में कहा, 'बाजार की रिपोर्ट और बंदरगाह की जानकारी के अनुसार, अक्टूबर से दिसंबर, 2021 की अवधि के दौरान लगभग 17 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है।' पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान लगभग 4.5 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया था। इस्मा ने कहा कि ब्राजील में आगामी सत्र 2022-23 में उम्मीद से बेहतर उत्पादन की खबरों से दाम गिरे है और मौजूदा समय में यह 5 महीने के निचले स्तर लगभग 18 सेंटापाउंड पर है। भाषा